दिनांक–13.08.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

## प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा–प्रधानमंत्री जनमन योजना से आदिवासी समुदान की उन्नति होगी।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज भोपाल प्रवास पर। आईआईएसईआर के दीक्षांत समारोह में षामिल होंगी।
- तिरंगा यात्राओं से पूरा प्रदेष देषभक्ति के माहौल में सराबोर हुआ।
- नषामुक्ति अभियान के तहत कॉलेजों में युवाओं को नषे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।

### बैठक–सिंधिया

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना आदिवासी समुदाय की उन्नति के लिए प्रभावकारी एवं महत्वकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने वालों की उन्नति सुनिष्चित होगी। उन्होंने कल गुना में विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए ये बात कही। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्माणाधीन कार्यो को समय सीमा में पूरा करने के निर्देष दिए। श्री सिंधिया ने गुना शहर के सभी मुख्य मार्गो पर प्रस्तावित प्रवेश द्वारों के लिए गुना जिले विशिष्ट पहचान पर आधारित थीम के लिए सुझाव मांगे। श्री सिंधिया ने निर्देशित किया कि जिले के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक धार्मिक सर्किट की कार्य योजना बनाई जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्यो में जनभागीदारी भी होना चाहिये। शहर की प्रमुख संस्थाएं इस कार्य में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी करें, जिससे जिले का समग्र विकास हो सके।

### नगरीय निकाय जन प्रतिनिधी–मानदेय

प्रदेश सरकार ने सभी शहरी निकायों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के मानदेय में 20 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इस बढ़ोतरी का लाभ अगले महीने से सभी महापौर, सभापति, उपसभापति और पार्षदों को मिलेगा। श्री यादव ने कल भोपाल में देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला जन–प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शहरी निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायता के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो नगर पालिकाएं आम तौर पर करों और अन्य शुल्क के माध्यम से अपनी आय में बढोत्तरी करती हैं उन्हें दो करोड़ रुपये मिलेंगे और नगर परिषदों को प्रोत्साहन के तौर पर प्रतिवर्ष पांच करोड़ रुपये दिये जायेंगे। इस राशि का उपयोग जन प्रतिनिधियों की अनुशंसा पर किये जाने वाले आधारभूत ढांचे से संबंधित कार्यो के लिए पार्षद निधि के अंतर्गत किया जाएगा।

## दीक्षांत समारोह–वित्त मंत्री

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, (आईआईएसईआर), भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी एवं दीक्षांत भाषण देंगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

## तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्राओं ने पूरे प्रदेष के माहौल को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देषभक्ति से सराबोर कर दिया है। केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कल धार में लोगों से घर–घर तिरंगा लगाने को कहा। शहीद भगत सिंह प्रतिमा स्थल पर आयोजित आजादी महोत्सव कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह , राजगुरू, और सुखदेव की प्रतिमाओं का जल और दूध से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर श्रीमती ठाकुर ने लोगों से तिरंगा यात्रा निकालने और घरों पर तिरंगा लहराने की अपील की। इंदौर जिले की ग्राम पंचायत माचला में महिला समूह सदस्यों द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर एवं हाथों में मेहंदी लगाकर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत इंदौर संभाग के प्रवर डाक अधीक्षक शिवान्सु कुमार ने झण्डी दिखाकर पोस्ट ऑफिस के अधिकारी–कर्मचारियों की तिरंगा रैली का शुभारंभ किया। झाबुआ जिले के पेटलावद के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली एवं विद्यालयों में तिरंगा थीम पर चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिवपुरी जनपद क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का जनपद अध्यक्ष शिवपुरी हेमलता रावत ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। ओरछा में कल तिरंगा यात्रा निकाली गई। बालाघाट में सायकिल रैली मुलना स्टेडियम से निकाली गई। पन्ना में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सतना जिले में भी तिरंगा यात्राओ का आयोजन किया जा रहा है।

## नशा मुक्ति अभियान

भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान ऐप के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र" थीम पर सभी स्कूल कॉलेज में अंतर्गत ई–शपथ कार्यक्रम आयोजित होना है। इसी तारतम्य में झाबुआ ज़िला मुख्यालय से वेब लिंक के माध्यम से जुड़कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्रसिंह चौहान की अध्यक्षता में नशा मुक्ति हेतु शपथ ली गई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पी.जी. कॉलेज मुरैना में भारत नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत कल प्राचार्य डॉ. किशोर अरोड़ा ने नशा मुक्ति भारत अभियान की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं अपने आसपास समाज में नशा के विरूद्ध अभियान के लिये जागरूक किया। मुक्ति अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राज्यपाल कुलगुरु संवाद

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन में ऑन लाइन विश्वविद्यालय अवकाश प्रबंधन प्रणाली के सॉफ्टवेयर को रिमोट का बटन दबाकर षुभारंभ किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि व्यवस्थाओं को प्रभावी और सुचारू बनाने के लिए निरंतर नवाचार किए जाने चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने की जरूरत बताई है। राज्यपाल श्री पटेल ने विश्वविद्यालयों के कुलगुरु से ऑन लाइन चर्चा कर सॉफ्टवेयर के संचालन और सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## नमो ट्रेन टिकट

भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम–आईआरसीटीसी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम–एनसीआरटीसी के सहयोग से नमो भारत ट्रेन तथा अन्य रेलगाडियों में यात्रियों के लिए 'वन इंडिया–वन टिकट' की पहल शुरू करेगी। इसका उद्देश्य यात्रियों की सुविधा को बढ़ाना है। इसके माध्यम से यात्री आईआरसीटीसी और ऐप पर नमो भारत ट्रेनों के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। इस व्यवस्था के तहत टिकट रद्द करने और भुगतान प्राप्त करने की भी सुविधा उपलब्ध होगी। आईआरसीटीसी ने कहा है कि यात्री नमो भारत ट्रेन टिकट के लिए यूनिक क्यू आर कोड सृजित कर सकते हैं। यह कोड यात्रा तिथि विकल्पों के आसपास चार दिनों तक वैध होगा। वर्तमान रेल आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत नमो भारत के टिकट भी एक सौ बीस दिन पहले से बुक किए जा सकते हैं।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह

इस वर्ष एक अप्रैल से 11 अगस्त तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23 दशमलव नौ–नौ प्रतिशत बढ़कर 8 लाख तेरह हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आयकर विभाग ने कहा है कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6 लाख पचपन हजार करोड़ रुपये था। आयकर विभाग के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024–25 में 11 अगस्त, 2024 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 दशमलव चार–आठ प्रतिशत बढ़कर करीब 6 लाख 93 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

## समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में कल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां 400 से अधिक पदों पर युवाओं का चयन करेंगी।
- आगरमालवा स्थित श्रीबैजनाथ महादेव की शाही सवारी पारम्परिक रूप से कल दोपहर गर्भगृह में पूजन एवं आरती के उपरांत ठाट–बाट से निकाली गई।
- खंडवा जिले में भी तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में भगवान ओंकारेश्वर व ममलेश्वर की महासवारी निकाली गई।
- राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने षाजापुर में अधिकारियों की बैठक में राजस्व महाअभियान 2.0 के कार्यो की समीक्षा करते हुए निरस्त हुए नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों पर विचार करने को कहा है।
- पन्ना जिले के चयनित 30 हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को तीन माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- झाबुआ जिले में आज "विशेष जनसुनवाई" जनपद पंचायत सभाकक्ष, थांदला में की जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएस बघेल ने विकासखंड मेघनगर के आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया।
- मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की नयागांव जबलपुर स्थित आवासीय कॉलोनी परिसर में लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया।
- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उप निर्वाचन कार्यक्रम के मुताबिक नगर पालिका सीहोर के रिक्त वार्ड 30 के पार्षद पद के लिए मतदान 11 सितम्बर को होगा।

....................................